तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 9 मार्च 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सशक्त उपस्थिति


12 महिलाएं प्रशासनिक पदों के साथ-साथ सरपंच...


## खबर संक्षेप

### संस्कृत विषय की परीक्षा में शामिल हुए 233 परीक्षार्थी

जगदलपुर। बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शनिवार को 233 छात्र- छात्राओं ने परीक्षा दी। कुल दर्ज संख्या 235 में केवल 2 विद्यार्थी ही अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि आज हुए 105 परीक्षा केन्द्र में एक भी नकल का प्रकरण नहीं पाया गया है।

### डा. सरिता ने तीन मरीजों को दिया फूड बास्केट



जगदलपुर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत निक्षय निरामय 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान जो 7 दिसंबर से 24 मार्च तक चल रहा है। उसके अंतर्गत टीबी मरीजों को स्वेच्छा से फूड बास्केट किसी भी व्यक्ति द्वारा मरीजों को 6 माह तक दिया जाना है, ताकि मरीजों को सप्लीमेंट्री फूड की कमी न हो। इसी अभियान को सफल बनाने हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मावलीभाटा से चिकित्सक डॉ. सरिता बोदले द्वारा तीन मरीजों को 6 माह तक फूड बास्केट प्रदान दिया गया।

### नया ट्रांसफॉर्मर लगाने बंद रही बिजली



जगदलपुर। विद्युत कंपनी जगदलपुर जोन में शनिवार को सर्किट रोड में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया और पॉवर हाउस उपकेन्द्र में खराब वीसीबी मशीन निकला गया। इसके चलते दोपहर में डेढ़ घंटे बिजली बंद रही, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। वहीं दूसरी ओर इस कार्य में जोन के लगभग 20 विद्युत कर्मचारी सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर एवं कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी के नेतृत्व में जुटे रहे। इसमें पॉवर हाउस चौक से पंचपथ चौक से जेल चौक, राजमहल परिसर, संग्रहालय, पनारापारा, विजय वार्ड, प्रवीर वार्ड, सदर वार्ड, शिव मंदिर वार्ड, सुबाष वार्ड, भैरमदेव वार्ड, पुराना पुल से समुंद चौक से तहसील कार्यालय, महादेव घाट, सर्किट हाउस रोड, केंद्रीय जेल, पारख बाड़ा, ठाकुर रोड, मेन रोड, चांदनी चौक, डोंगाघाट एवं आस पास का क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित रहे। बताया जा रहा है कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कर्मचारी स्थल पर पहुंच रहे है, जिससे बंद बिजली को बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं।

### होली में बच्चों को लुभा रही इलेक्ट्रॉनिक गन पिचकारी



जगदलपुर। शहर के गोलबाजार एवं संजय बाजार चौक में होली की दुकानें सज गई हैं, बाजार में रंग, गुलाल और पिचकारी की भरमार है। इस बार इलेक्ट्रॉनिक गन पिचकारी बच्चों को आकर्षित कर रहीं है। बैटरी से चलने वाली यह पिचकारी एक हजार रुपए से लेकर पांच हजार रुपए तक में मिल रही है। शहर में इसे पहली बार लाया गया है, इसके अलावा कई तरह के रंग और पिचकारी से बाजार पट गया है। होली के लिए बाजार में विभिन्न प्रकार के हर्बल गुलाल, सूखे रंग और चमकदार रंगों की दुकानें सजी हुई हैं।

## चुनाव : कहीं निर्विरोध तो कहीं कांटे की टक्कर की स्थिति रही

# उपसरपंच बनने में भी पंचों ने लगाया लाखों का दांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के सभी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भवन में उपसरपंच का चुनाव किया गया। इस दौरान भारी गहमागहमी रही। काफी दिनों से उपसरपंच बनने के लिए दावेदार पंच अपने पंचायत के पंचों को एक साथ बाहर ले गये थे जहां जमकर खातिरदारी की गई। बताया जा रहा है कि कुछ मालदार पंच ने उपसरपंच बनने के लिए लाखों रुपए तक खर्च कर डाला। असल में उपसरपंच बनने का जलवा इसलिए है क्योंकि सरपंच के साथ उपसरपंच को भी ग्राम पंचायत में महत्व मिलता है। वहीं सरपंच आदिवासी वर्ग का होता है और यदि वह महिला है तो चालाक उपसरपंच का पांच साल अच्छा खासा प्रभाव चलता रहता है। कई जगह गैर आदिवासी पंच इसलिए उपसरपंच बनने के लिए सभी तरह के दांवपेच लगाकर पद में आ गए। संभाग मुख्यालय से महज पांच किमी दूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ब्लॉक की सबसे बड़ी ग्रामपंचायत आड़ावाल के उपसरपंच बने दिनेश जना मात्र एक वोट से जीते उनका मुकाबला धीरज पांडे के साथ रहा। कुल बीस वार्ड पंच और एक सरपंच ने मतदान किया यहां तक की गंभीर रूप से बीमार पंच रायधर को ऐम्बुलेंस से लाकर पंचायत भवन में वोट डलवाया गया। इस दौरान शहर से पहुंचे भाजपा के कुछ नेता भी नजर आए।





### जगदीश बने निर्विरोध उपसरपंच



ग्राम बारदा में आज उप सरपंच निर्वाचन का कार्य संपन्न हुआ। सभी पंचों ने सर्व समिति से जगदीश नायक को उपसरपंच निर्वाचित घोषित किया गया। इससे पूर्व मार्गदर्शक मंडल की एक बैठक आहूत की गई जिसमें सभी पंच उपस्थित थे। पंचों की उपस्थिति में सर्व समिति से जगदीश नायक को उपसरपंच प्रत्याशी घोषित किया गया। इस प्रकार ग्राम बारदा की पंचायत चुनाव का सभी क्षेत्रों मे निर्वाचन निर्विरोध रूप से संपन्न हुआ। यह बहुत आश्चर्य की बात है की ग्राम बारदा में पहली बार इस प्रकार पंच सरपंच उप सरपंच का निर्विरोध निर्वाचित हुए है। इसके पीछे गांव के प्रमुख व्यक्तियों जिसमें मार्गदर्शक मंडल के सदस्य रामजी नायक दसमत कश्यप श्यामी नायक, कमल मौर्य, सज्जन लाल राठौर, फलगू राम ▶▶|शेष पेज 12 पर

### नगरनार की उपसरपंच बनी बानो

*नगरनार में स्टील प्लांट होने से यह ग्रामपंचायत पूरे बस्तर की सबसे धनी पंचायत मानी जा रही है। यहां आज उपसरपंच के चुनाव में भी भारी शक्ति प्रदर्शन जैसी स्थिति दिखाई पड़ी। उपसरपंच बनी बानो नाग को 13 वोट मिले जबकि अन्य प्रत्याशी को 7 वोट मिला। कुछ दिन पहले उमाकांतो बघेल सरपंच बनी थीं, वह पूर्व सरपंच रैनू बघेल की बहू है। इस तरह यहां अब सरपंच और उपसरपंच दोनों महिलाएं पद में आ गई है।*

### नानगुर के उपसरपंच बने महेन्द्र

*आज ग्राम पंचायत भवन नानगुर में उपसरपंच का चुनाव हुआ। यहां कांटे की टक्कर में महेन्द्र सेठिया ने कामिनी नागेश को एक वोट से हराया कुल 15 वोट में महेन्द्र* ▶▶|शेष पेज 12 पर

### रामया राम मौर्य बने उपसरपंच



भोंड। ग्राम पंचायत दुबेउमरगांव में उपसरपंच चुनाव में रामया राम मौर्य ने अपने प्रतिद्वंदवी को छह मतों से शिकस्त दी। दोपहर 12 बजे से हुई मतदान प्रक्रिया में पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र सिंह ठाकुर बीआरसी बस्तर ने चुनाव कार्य संपन्न कराया। सरपंच सहित सभी पंचों ने अपने मतों का उपयोग करते हुए रामया राम मौर्य को 12 मत दिए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी नरपत कश्यप को छह मत प्राप्त हुए। इस प्रकार रामया राम छह मतों से विजयी रहे। पीठासीन अधिकारी ने उपसरपंच का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर सहायक मतदान अधिकारी फगनूराम नाग, सरपंच सुश्री किरण मौर्य, रोजगार सहायक दीपक, समस्त पंचगण, कोटवार और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मददेड़ के उप सरपंच चुने गए श्याम



मददेड। भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत मददेड़ में उप सरपंच का चुनाव हुआ। जिसमें उप सरपंच बनने दो वार्ड पंचों ने दावेदारी की, एक नम्बर वार्ड के पंच सुनील कुमार तड़कल ओर उन्नीस नम्बर वार्ड के पंच श्याम चित्तापुरी थे। ग्राम पंचायत मददेड में कुल बीस वार्ड हैं । इस बीस वार्ड में पहली बार सोलह महिला वार्ड पंच चुनी गई है। सुनील कुमार तड़कल ओर श्याम चित्तापुरी के बीच उप सरपंच के पद पर चुनाव में बीस वोट में तेरह वोट श्याम चित्तपुरी को मिले। वहीं आठ वोट सुनील तड़काल को मिले, जिसमें श्याम चित्तापुरी ने पांच वोटो से जीत दर्ज की, उन्हें आठ वोट प्राप्त हुए।

## नगर सरकार का शपथ ग्रहण अध्यक्ष समेत पार्षदों ने ली शपथ



गीदम। जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम के नव निर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। नगर के पुराने बस स्टैंड में हुए समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष रजनीश सुराना ने पद व निष्ठा की शपथ ली। इसके बाद पार्षदों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई। एसडीएम विवेक चंद्रा ने शपथ दिलाई। इस मौके पर विधायक चैतराम अटामी, पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, जिलाध्यक्ष भाजपा संतोष गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अभिलाष तिवारी, नवीन विश्वकर्मा, पर्यटन मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष विजय तिवारी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता, ग्राम पंचायत हारम एक की सरपंच प्रमिला सुराना उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने अपने अध्यक्षीय भाषण में लोगों की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करते हुए नगर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को साथ मिलकर काम करेंगे और नगर का विकास करेंगे हमारा लक्ष्य है सबका साथ सबका विकास इसी ध्येय को लेकर हम नगर विकास के लिए काम करेंगे।

### माधुरी गुप्ता बनी उपाध्यक्ष

शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद नगर पंचायत कार्यालय में उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। इसमें भाजपा की माधुरी गुप्ता निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई। गौरतलब है कि माधुरी गुप्ता नगर के वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद हैं। परिणाम आने के बाद भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों ने ली शपथ



भोपालपटनम। जनपद पंचायत भोपालपटनम में निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी जनपद सदस्यों ने आज जनपद पंचायत भोपालपटनम के भद्रकाली सभागार में शपथ ली। जनपद अध्यक्ष सरिता कुडेम उपाध्यक्ष नीलम गणपत के साथ सभी सदस्यों को मुख्य कार्य पालन अधिकारी दिलीप उइके ने शपथ ▶▶|शेष पेज 12 पर

## 1487 निराकृत लंबित प्रकरणों में 3.99 करोड़ में हुआ राजीनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के मध्य सुलह द्वारा विवादों के समाधान के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित सभी न्यायाधीश की 12 खण्डपीठ, परिवार न्यायालय की एक खण्डपीठ एवं जनोपयोगी स्थायी लोक अदालत की एक खण्डपीठ सहित 14 खण्डपीठों तथा बस्तर जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों के 20 खण्डपीठों का गठन किया गया। नेशनल लोक अदालत के लिए गठित समस्त 34 खण्डपीठों में प्रकरणों के निराकरण पर सुलहकर्ता सदस्यों के रूप में पेनल अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। अदालत का शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं व्यवहार न्यायाधीश कु. अंकिता कश्यप ने बताया कि अदालत में रखे गए लंबित 1761 प्रकरणों में से 47 आपराधिक प्रकरण, 10 व्यवहार वाद प्रकरण, 30 दावा प्रकरण, 6 पारिवारिक प्रकरण, 46 धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, एक विद्युत संबंधी प्रकरण, 30 श्रम संबंधी प्रकरण, 177 स्पेशल सिटिंग के अन्तर्गत प्रकरण, 1138 ट्रैफिक चालान के प्रकरण, 2 जनोपयोगी स्थायी लोक अदालत के प्रकरण इस प्रकार 1487 निराकृत लंबित प्रकरणों में 3 करोड़ 99 लाख 37 हजार 875 रूपए में राजीनामा के आधार पर उनका निराकरण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया। चिकित्सा विभाग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया, जिसमें उपस्थित पक्षकारों एवं आमजनों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया।

### 32094 राजस्व प्रकरणों का किया निराकरण

राजस्व न्यायालयों में गठित 20 खण्डपीठों में 32094 राजस्व प्रकरणों एवं जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा एक प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार सभी प्रमुख बैंकों, बीएसएनएल विभाग, विद्युत विभाग द्वारा रखे गए 7743 प्रकरणों में से बैंकों के 50 प्रकरण, विद्युत विभाग के 2 प्रकरण, बीएसएनएल के 5 प्रकरण एवं जलकर के 10 प्रकरण इस प्रकार 67 प्रकरणों में 38 लाख 94 हजार 22 रूपए में राजीनामा के आधार पर प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का अंतिम निराकरण किया गया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9149027841
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

## मेरे ससुर की हत्या में लगाए आरोप सच नहीं : कुंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोंटा के ग्राम पेंटापाल में पंडुम पर्व के दिन पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के ससुर की हत्या कर दी गई थी। इस घटना को लेकर कुंजाम काफी व्यथित है। जिस आरोप पर नक्सलियों ने उनकी हत्या की, उसमें कोई सच्चाई नहीं है। स्थल पर नक्सलियों ने पर्चा छोड़ा था, जिसमें कुंजाम के ससुर पर सलवा जुडूम से जुड़ने समेत अनेक आरोप लगाए थे। घटना के कुछ दिन बाद बाद श्री कुंजाम हरिभूमि से रूबरू होते नक्सलियों से सवाल करते कहा उनके ससुर पर लगाए आरोप की नक्सली स्वयं तस्दीक करें। उसमें कितनी सच्चाई है। उनके बड़े लीडर के प्रतिक्रिया का इंतजार करूंगा। घटना को लेकर हरिभूमि संवाददाता जगदलपुर पहुंचे कुंजाम से रूबरू होकर उनके ससुर की हत्या पर चर्चा की। कुंजाम ने विस्तार से ससुर कलमु हिड़मा के बारे में कहा कि वे कभी भी सलवा जुडूम कैंप में नहीं रहे। बल्कि जुडूम आंदोलन के विरुद्ध उन्होंने अनेक आंदोलन का नेतृत्व किया। उस दौरान वे जुडूम के खिलाफ बड़े-बड़े आंदोलन में सम्मलित होते थे। 2017 में माओवादियों ने उनके ससुर को जान से मारने की धमकी दी। तब से वे पेंटापाल छोड़ कोंटा में बस ▶▶|शेष पेज 12 पर





# सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सशक्त उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान में एक भव्य एवं प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन और वंदन से हुई। जिसके पश्चात विद्यालय के समस्त महिला शिक्षकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। समारोह में व्याख्याता डीडी प्रधान ने अपने विचार रखते हुए समाज में महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला। समाज को महिलाओं को समान अवसर देकर उनके सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाने चाहिए। इसके पश्चात कृषि शिक्षक कुसुमलता बघेल ने कहा कि यह पहल महिला शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का उत्कृष्ट उदाहरण है। व्याख्याता पी. एन. भुआर्य ने माड़ क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति का उल्लेख करते हुए छात्रों से अपील की कि वे स्वयं शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी बहनों को भी शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करें। और उन्हें नारायणपुर लाने का प्रयास करें। इसके बाद आईटी ट्रेनर भावना नाग ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं के संघर्षों की चर्चा की। उन्होंने अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए एक मार्मिक कविता प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा दिए जा रहे अतुलनीय योगदान को रेखांकित किया। व्याख्याता सुनील सोनकेंवरे ने कहा कि समाज को बेटियों को समान स्नेह एवं अवसर प्रदान करने चाहिए। प्रधान अध्यापक यू. एस. यादव ने अपने वक्तव्य में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के ऐतिहासिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्षों और उपलब्धियों को नमन करने का अवसर है। व्याख्याता श्रद्धा कंडिक ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाएँ केवल स्कूल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे दोहरी जिम्मेदारी निभाते हुए परिवार एवं स्कूल दोनों जगह अपनी योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएँ मानसिक एवं शारीरिक रूप से पुरुषों से अधिक सक्षम हैं, तभी वे अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर पाती हैं। अंत में विद्यालय के प्राचार्य मनोज बागड़े ने कहा कि आज घर, परिवार, समाज, देश और संपूर्ण विश्व के संयुक्त प्रयासों से महिलाओं की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सदियों से चली आ रही रूढ़ियों और विषमताओं को पीछे छोड़ते हुए महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, प्रशासन, खेल, उद्यमिता और रक्षा जैसे विविध क्षेत्रों में वे न केवल आगे बढ़ रही हैं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका भी निभा रही हैं। उन्होंने विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में अपने अथक प्रयासों से विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक ले जा रही हैं। इस भव्य आयोजन के समापन पर महिला शिक्षिकाओं से केक कटवाया गया तथा उन्हें प्रतीकस्वरूप गुलाब का पौधा भेंट किया गया। इस आयोजन ने महिलाओं के प्रति सम्मान, जागरूकता और समानता की भावना को बल दिया तथा सभी को प्रेरित किया कि वे अपने जीवन में महिलाओं के योगदान को समझें और उनका आदर करें। व्याख्याता श्वेता तिवारी ने समाज की मानसिकता को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि महिलाएँ पहले से ही सशक्त हैं, केवल पुरुषों को इसे समझने की आवश्यकता है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति महिलाओं के सम्मान की मिसाल प्रस्तुत करती है और उन्हें भारत में जन्म लेने पर गर्व है। व्याख्याता संगीता देवांगन ने महिलाओं की उन्नति में पुरुषों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पुरुषों को महिलाओं के उत्थान में सहयोग देना चाहिए। उन्हें उचित सम्मान प्रदान करना चाहिए। उन्होंने छात्रों से भी आह्वान किया कि वे अभी से महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव विकसित करें और उनके अधिकारों को समझें।

# महिलाएं प्रशासनिक पदों के साथ-साथ सरपंच के रूप में गांवों का भी कर रहीं नेतृत्वः उसेंडी

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खेल विभाग द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग ने मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में महिलाओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।



कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि हम बदलेंगे, युग बदलेगा के नारे के साथ अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की कुरीतियों को खत्म करने में महिलाएँ सबसे बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के योगदान से शिशु मृत्यु दर, गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर और कुपोषण में कमी आई है। आज महिलाएँ प्रशासनिक पदों के साथ–साथ सरपंच के रूप में गाँवों का भी नेतृत्व कर रही हैं। सरकार द्वारा भी महिलाओं को सम्मान देने के लिए कई मुहीम चलाई जा रही हैं, जिनमें राशन कार्ड में महिला मुखिया की व्यवस्था और एक पेड़ माँ के नाम अभियान शामिल हैं। हम सबकी जिम्मेदारी है की हम सब एक एक पेड़ लगाएं, क्यूंकि हमें देखकर समाज सीखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी।

इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हमेशा महिलाओं को प्रथम स्थान देने की रही है। विकास यात्रा में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कानूनी प्रावधान भी किए गए हैं। जिले की महिलाएँ शिक्षा, खेल और राजनीति समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। कोंडागांव की बेटी हेमबती नाग ने जूडो में अंतरराष्ट्रीय पदक जीता, जबकि हाल ही में तीरंदाजी में तीन बेटियों ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। पिछली बोर्ड परीक्षाओं में भी बेटियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है और इस बार भी जिले की बेटियाँ जिला का नाम रोशन करेंगी। कलेक्टर ने कहा कि जब एक पुरुष आगे बढ़ता है तो एक व्यक्ति का उत्थान होता है, लेकिन जब एक महिला आगे बढ़ती है तो पूरा परिवार और आने वाली पीढ़ियाँ सशक्त होती हैं।

**न्यायालय तहसीलदार,**
**तहसील छिन्दगढ़ जिला सुकमा (छ.ग.)**
**रा.मा.क्र./ 202502190700168/**
**ब-121/2024-2025**
नगर पालिका सुकमा तहसील सुकमा
जिला सुकमा (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा नगर पालिका सुकमा के आम जनता को ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि नगर पालिका सुकमा निवासी श्रीमती बीना दत्ता पिता स्व. दीपक दत्ता जाति कायस्थ के द्वारा इस न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि दिनांक 06.07.2024 को उनके पति स्व. दीपक दत्ता पिता गौरंग दत्ता की तबियत खराब होने से ईलाज के लिये जिला अस्पताल सुकमा से जगदलपुर के लिये रेफर किया गया जगदलपुर ले जाने के दौरान ग्राम राजामुण्डा तहसील छिन्दगढ़ जिला सुकमा के सीमा क्षेत्र में मृत्यु हुआ है। आवेदिका द्वारा उनके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने न्यायालय में निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को लिखित या मौखिक दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पत्र जारी होने की तिथि से अवकाश के दिन छोड़कर किसी भी दिन न्यायालयीन समय में दिनांक 20/03/2025 तक प्रातः 11:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। नियत तिथि तथा समय के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय का मुहर से जारी किया गया।

स्थान :- छिन्दगढ़
दिनांकः- 05/03/2025
मुहर
तहसीलदार
छिन्दगढ़ जिला सुकमा

## पेज 11 के शेष

### जगदीश बने...

चौहान, काशीराम नायक, घासुरम राठौर, अरुण पाणिग्राही, कैलाश पटेल, धनसात्य निषाद, ललित विषाई, चमरा राम नायक, हारीराम नायक, नरसिंह पटेल एवं ग्राम के प्रमुख व्यक्ति ग्रामीण सम्मिलित रहे।

### नानगुर के उपसरपंच...

को 8 और कामिनी को 7 वोट मिले। चुनाव जितने के बाद हरिभूमि से चर्चा में महेन्द्र सेठिया ने बताया कि ग्राम विकास के लिए पंच सरपंच मिलकर काम करेंगें। शासन की योजनाओं का लाभ गांव के गरीब और पात्र व्यक्ति को दिया जायेगा।

### नव निर्वाचित अध्यक्ष...

दिलाई। धुर नक्सल प्रभावित भोपालपटनम में सफलतापूर्वक मतदान हुआ और कई अंदरूनी गांव में दहशत से हटकर मतदान हुए। इस पंचायत चुनाव में नक्सल प्रभावित इलाके के लोग इस महापर्व में बढ़कर हिस्सा लिए और मतदान का प्रतिशत भी बढ़ा है। आज के शपथ ग्रहण समारोह में सभी सदस्यों ने उत्साह पूर्वक शपथ ली। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, उगेंद्र वासम, लंकल रामचंदरम, निर्मला आत्रम, बिलाल खान, गिरजा शंकर तामडी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### मेरे ससुर की...

गए। कुछ दिनों बाद वे परिवार को लेकर आंध्रप्रदेश चले गए। जहां डेढ़ साल तक रहने के बाद वापस कोंटा में बस गए। इस बीच गांव के लोग उनसे मिलने कोंटा आना-जाना करते थे। वे गांव के पटेल थे, इसलिए गांव के लोग उनसे सलाह मशविरा लेने आया करते थे। गांव के लोगों से ससुर के साथ निरंतर संवाद था। ग्रामीणों के कहने पर वे कुछ दिन के लिए अपने गांव पेंटापाल गए। वहां कुछ दिन खेती भी किया। इस दौरान वे वापस कोंटा आ गए। 23 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन हुआ। मतदान पश्चात वे मेरे घर रामाराम आने वाले थे। इस बीच बालाघाट नक्सली मुठभेड़ में अनेक नक्सली मारे गए थे। उनमें एक महिला की मौत हुई थी,जो पेंटापाल गांव की थी। वह मेरे ससुर के परिवार से थी। उसके अंतिम संस्कार व अन्य क्रियाकर्म के बाद गांव में रुक गए। गांव में गाडी पंडुम हुआ। पंडुम के दिन पांच-छह हथियारबंद नक्सली गांव आये और मेरे 70 वर्षीय ससुर को घेरकर मार डाला। घटनास्थल पर मिले पर्चे में ससुर पर जो आरोप नक्सलियों ने लगाया है, सब झूठे हैं। श्री कुंजाम ने नक्सलियों से सवाल करते कहा एक भी आरोप साबित कर दें। श्री कुंजाम ने कहा कि नक्सलियों की प्रतिक्रिया का इन्तजार करेंगे। श्री कुंजाम ने कहा कि इस घटना के बाद जैसे सभी घटनाओं में जिसे नक्सली अंजाम देते है, उसके बाद बड़े लीडर प्रतिक्रिया देते हैं। इस घटना में अभी तक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# धान संग्रहण केंद्र बनाने प्रशासन और ग्रामीणों की बैठक

**फरसगांव।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम जुगानीकलार में रोड किनारे स्थित खेल मैदान को प्रशासन धान संग्रहण केंद्र बनाने की तैयारी कर रही है, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे है। धान संग्रहण केंद्र बनाने को लेकर शनिवार को प्रशासन और ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक के बाद भी बात नहीं बन पाई। ग्रामीणों ने खेल मैदान को संग्रहण केंद्र बनाने के लिए मना कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि इस खेल के मैदान को तीस साल से पूर्व ग्रामवासियों द्वारा भविष्य को ध्यान में रखते सुरक्षित रखे हुए है। इस खेल मैदान क्षेत्र के बेरोजगार युवा वर्ग प्रतिदिन सैन्य प्रशिक्षण लेते हैं। साथ ही इसी खेल मैदान में ब्लॉक और जिला स्तरीय विभिन्न खेल खुद, शिविर, विभिन्न समाज का सामाजिक कार्य होता रहा है। अचानक इस खेल मैदान को धान संग्रहण केंद्र बनाया जा रहा है। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामसभा के सहमति नहीं ली गई है। जबरन कोंडागांव जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्र के धान को इस मैदान में भंडारित करने का प्रयास कर रहे है। ग्रमीणों ने यह भी कहा कि अगर इस खेल मैदान में पूरे जिले का धान भंडारण किया जाता है तो मैदान में खेलने की जगह ही नहीं बचेगा। जिसके कारण परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक युवतियां निःशुल्क प्रशिक्षण से वंचित हो जायेगे। जिसका प्रभाव सीधा बेरोजगार युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा। साथ ही विभिन्न समाज के सामाजिक कार्यक्रम और पंचायत स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में परेशानी होगी। ग्रामीणों गांव में ही अन्य जगह को दिखा भी दिया है। ग्राम जुगानीकलार के ग्रामीणों का यही कहना है कि गांव के एकमात्र खेल मैदान को संग्रहण केंद्र नहीं बनाने देंगे। जिसके लिए सोमवार को ग्रामीणों कलेक्टर से मुलाकात करने की बात कही गई है। इसके बाद भी अगर जबरदस्ती करेगी तो विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री के पास जाएंगे यदि फिर भी बात नहीं बनी तो उग्र आंदोलन करेंगे। इस संबंध में खाद्य निरीक्षक नवीन श्रीवास्तव से बात हुई तो उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से चर्चा की गई लेकिन ग्रामीण नहीं मान रहे है। ग्रामीणों को यह बताया जा रहा है कि मेरी कुछ महीनों के लिए अस्थाई रूप से धान संग्रहण केंद्र बनाया जाएगा। जिसके बाद मैदान को खाली कर देंगे। यही नहीं अगर जरूरत हुई तो इस मैदान में स्टेडियम भी बनाया दिया जाएगा। ताकि गांव के युवाओं और सभी लोगों के बेहतर होगा।

## नगर पालिका परिषद का शपथ ग्रहण आज, समारोह में शामिल होंगे विस अध्यक्ष रमन सिंह



**कोण्डागांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 9 मार्च को कोंडागांव में नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह रायपुर से सुबह 11 बजे हेलिकॉप्टर द्वारा रवाना होंगे और दोपहर 12 बजे कोंडागांव पहुंचेंगे। इसके बाद वे दोपहर 12.15 बजे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051

शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony

शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
- कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
- 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
- लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम

धान की कटाई-मिंजाई के लिए 100% Swadeshi
ACE Ultra Track Harvester
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव



## खबर संक्षेप

### कार-बाइक में टक्कर एक की मौत दूसरा गंभीर



**सुकमा।** जिला मुख्यालय से 6 किमी दूर बोरगुड़ा के पास नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को बाइक सवार दो युवकों का कार से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को राहगीरों द्वारा उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। पैर और हाथ में फ्रैक्चर है जिसका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के कुम्हाररास निवासी रशीद खान का बेटा नजीर खान कुछ काम से रामाराम गया था। जुमे की नमाज पढ़ने अपने दोस्त अभिशेष निषाद के साथ बाइक क्रमांक सीजी 18 एल 5171 से रामाराम से लौट रहा था। इस दौरान सुकमा से कोंटा की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 17 केएच 3564 से बोरगुड़ा गांव के पास जबरदस्त भिड़ंत हो गया।

# महिला शिक्षकों व कर्मचारियों को गुलाब देकर किया सम्मान

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एआर नोनहारे एवं पुरुष शिक्षक स्टाफ द्वारा महिला शिक्षकों एवं कर्मचारियों को गुलाब पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ते कदमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और समस्त महिला शिक्षकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस गरिमामयी अवसर पर महिला शिक्षकों ने भी अपने विचार साझा किए।

### आयोजन के लिए प्राचार्य का माना आभार

समारोह के अंत में व्याख्याता रिचा गौरखेड़े एवं मीनाक्षी पांडे ने इस प्रेरणादायक आयोजन के लिए प्राचार्य को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता समीर मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक प्रदयुत कुमार पांडे, व्याख्याता विजय मांझी, शिक्षक गुणेश ठाकुर सहित कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल की समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं। महिला दिवस का यह आयोजन प्रेरणादायक रहा, जिसने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के संदेश को और प्रबल किया।

# जिला और जनपद पंचायत के गठन की तारीख को आगे बढ़ाना सरकार की चाल : कुंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा




पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने भाजपा नेताओं पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। मनीष कुंजाम ने कहा कि पूरे प्रदेश में जिला और जनपद पंचायत का गठन पूरा हो चुका है, लेकिन सुकमा जिले में अब तक नहीं हुआ है। सत्ता से जुड़े भाजपा

- भाजपा नेता बहुमत में नहीं होने के बाद भी गठबंधन करना चाहते थे

नेता प्रशासन पर दबाव बनाकर सम्मेलन की तारीख आगे बढ़ दी गई है। पहले 4 व 5 मार्च को जिला और तीनों जनपद पंचायत का गठन करने के लिए अधिसूचना जारी की गई।

अब तारीख को एक सप्ताह आगे बढ़ाते हुए 10 मार्च कर दिया गया है। इसके पीछे मंशा साफ जाहिर है। भाजपा नेता चाहते हैं कि जिला और जनपदों में उनकी सरकार बने लेकिन सुकमा जिले में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। जोकि लोकतंत्र व्यवस्था की खूबसूरत तस्वीर है। सुकमा की जनता ने भाजपा को बहुमत नहीं दिया इसलिए भाजपा नेता सरकारी मशीनरी का बेजा फायदा उठाना चाहते हैं। जिला पंचायत में कांग्रेस बहुमत में हैं तो वहीं कोंटा और छिंदगढ़ में सीपीआई के उम्मीदवार ज्यादा हैं। भाजपा नेता बहुमत में नहीं होने के बाद भी सीपीआई के साथ गठबंधन करना चाहते थे। जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे लगातार मेरे संपर्क में थे। लेकिन मेरे द्वारा 1 मार्च को कांग्रेस के साथ जाने का फैसला सुना दिया। इसके बाद से ही भाजपा नेता किसी भी तरह जिला व जनपद में अपनी सरकार बनाने के हथकंडे अपना रहे है। नवनिर्वाचित जिला व जनपद सदस्यों को तरह-तरह के प्रलोभन दे रहे हैं।

वहीं सत्ता का डर भी दिखा रहे हैं। सुकमा की जनता ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में दिए गए प्रावधानों के तहत जनादेश दिया है। जिसका पालन करना सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन सरकार में बैठे लोग किसी भी तरह डरा धमका कर सत्ता हासिल करना चाहते हैं।

# पुवर्ती में मोबाईल टॉवर लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

नक्सल प्रभावित पीएलजीए बटालियन के कमांडर हिड़मा के गांव में मोबाईल टॉवर लगने से आस-पास क्षेत्रों के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

टेकलगुड़ेम, पुवर्ती, तुमालपारा, बंडीगुड़ेम, करकनगुड़ा, पेद्दाबोड़केल, पुनगुड़ेम, बरेंगुड़ा व आस-पास क्षेत्रों में अब नहीं होगी ग्रामीणों को मोबाईल नेटवर्क एवं इंटरनेट की समस्या। वर्ष 2024 से अब-तक सुरक्षा बलों के अथक प्रयास से 29 स्थानों में जियों 4-जी नेटवर्क मोबाईल टावर स्थापित कर मोबाईल कनेक्टीविटी की सुविधा प्रारम्भ किया जा चुका है। जिसका लाभ अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणजन एवं सुरक्षा बल के जवान ले रहे है।



जिला पुलिस बल एवं 150 वाहिनी सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत बेहतर मोबाईल नेटवर्क एवं इंटरनेट सुविधा प्रदान करने हेतु सुरक्षा कैम्पों के आस-पास ग्रामों में जियो के नवीन टॉवर स्थापित किये जा रहे है। इसी तारतम्य में जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र पुवर्ती में सुरक्षा बलों के अथक प्रयास से 7 मार्च को नवीन स्थापित मोबाईल टॉवर से जियो 4जी मोबाईल नेटवर्क का सुविधा प्रारम्भ किया गया।

# मैत्री संघ विद्या निकेतन में आयोजित किया गया विज्ञान प्रर्दशनी

**कक्षा 6वी 7वी एवं 9वी के छात्रों ने बनाये 14 मॉडल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर की बहुप्रतिष्ठित बंगाली संस्था मैत्री संघ के द्वारा संचालित मैत्री संघ विद्या निकेतन अंग्रेजी मिडियम स्कूल में साईंस दिवस के उपलक्ष्य पर विज्ञान प्रर्दशन का आयोजन किया गया। स्कूल के कक्षा 6वीं, 7वी एवं 9वी के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान विषय से संबंधित मानव जीवन के दैनंदिन घटित होने वाले प्रक्रियाओं से संबंधित बहुत ही महत्वपूर्ण एवं आकर्षक मॉडल स्वविवेक से बनाकर प्रर्दशित किया। विज्ञान मेला के अंतर्गत कुल 14 मॉडल बच्चों के द्वारा बनाया गया। बच्चों ने व्यवहारिक रूप से अपने अपने कल्पनाओं से सजाकर तैयार किया गया। स्कूली बच्चों को मॉडल तैयार करने में शिक्षक रितुराज सिंह, वंदना शुक्ला एवं फीजा कौशर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप मे कोलकाता से आये हुए अमित कुमार घोष विशिष्ट अतिथि अनूप बाक्ची सहित संस्था अध्यक्ष दीपक घोष महासचिव सुनील साहा सहित सहसचिव देव्रवत बराल मौजूद रहे।

सभी अतिथियों ने आयोजित विज्ञान प्रर्दशनी में बनाये गये मॉडलों का अवलोकन कर बच्चों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोतसाहित किया।

# दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ विष्णु के सुशासन में आगे बढ़ रहा बस्तर : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

नीति आयोग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में प्राप्त सहयोग के लिए वनमंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला दंतेवाड़ा केदार कश्यप ने बस्तर वासियों को बधाई देते हुए बयान जारी किया है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, छत्तीसगढ़ के बस्तर को आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सीखने के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार के लिए नीति आयोग द्वारा 3 करोड़ के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके लिए बस्तरवासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि हमारे बस्तर के बच्चों के लिए दूरदर्शी, तकनीक-संचालित पहलों के माध्यम से, जिला समावेशी सीखने के अवसर पैदा कर सकेंगे। विष्णुदेव साय के सुशासन में यह सुनिश्चित हुआ कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर



बच्चे तक, हर जगह पहुंचे।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सीखने को अधिक आकर्षक और प्रभावी बनाने के लिए, जिले ने अभिनव शिक्षा पहल शुरू की है। यह सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करते हुए कि छात्रों को उनके स्थान की परवाह किए बिना गुणवत्तापूर्ण सीखने के अवसर प्राप्त हों। हमारे क्षेत्र के बच्चे प्रौद्योगिकी और समुदाय-संचालित कार्यक्रमों का लाभ उठाकर, कक्षाएं अधिक संवादात्मक बन रही हैं और छात्रों को शैक्षिक संसाधनों तक बेहतर पहुँच मिल रही है।



## खबर संक्षेप

### घरों में नहीं जले चूल्हे लोगों ने खाया बासी भात



जगदलपुर। महारानी वार्ड के बंगीय समाज मण्डप के समीप बरगद और पीपल वृक्ष के नीचे शनिवार को बंगाली समाज की महिलाओं ने परिवार की सुख शांति और समृद्धि के लिए शीतला माता की पूजा की। परंपरानुसार लोगों के घरों में आज चूल्हें नहीं जले सभी ने रात का बासी खाना पानी डालकर ग्रहण किया पूजा में पहुंची कल्पना ने बताया कि शीतला माता के पूजा के दिन आग से दूर रहते है। सभी ने घर में रात का बना हुआ खाना पानी डालकर खाया। बरगद और पीपल के पेड़ के नीचे सुबह से प्रसाद लेकर पहुंची महिलाओं ने पूजा की। फल फूल और अन्य प्रसाद माता को चढ़ाकर सभी ने ग्रहण किया। सुहागिन महिलाओं ने बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया। बंगाली समाज के अध्यक्ष मनोरंजन राय ने बताया कि परिवार में सुख शांति और आनंद का वातावरण रहें हर तरह की सुख सुविधाएं सबके घरों में देवी की कृपा से आएं यही कामना करते हुए समाज की महिलाओं ने शीतला माता की पूजा की।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा

# मातृ शक्ति ने हर क्षेत्र में साबित की अपनी श्रेष्ठता : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

## महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं बल्कि समाज के विकास में निभा रही भूमिका

**मातृ शक्ति की भूमिका सर्वोपरि**

कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप ने कहा उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में भी महिलाएं नए-नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। स्टार्टअप्स और बड़ी कंपनियों में महिला उद्यमियों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। इन सभी उपलब्धियों के साथ मातृ शक्ति ने यह साबित कर दिया है कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और समाज के विकास में उनकी भूमिका सर्वोपरि है। अब समय आ गया है कि उनके योगदान को और अधिक सराहा जाए और उन्हें आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाए।





**विकास में महिलाओं का योगदान**

इस मौके पर विधायक किरण देव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए समाज के उत्तरोत्तर विकास में महिलाओं के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। वहीं शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया और इन योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया।

हमारे देश में आदिकाल से माता की पूजा होती है, यही वजह है कि भारत के विकास में महिलाओं का अतुलनीय योगदान है। आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी काबिलियत और दृढ़ संकल्प से श्रेष्ठता साबित की है। चाहे विज्ञान हो, राजनीति, खेल, रक्षा या फिर व्यापार-हर क्षेत्र में मातृ शक्ति ने अपने परिश्रम और समर्पण से ऊंचाइयों को छुआ है। यह बात सांसद महेश कश्यप ने स्थानीय श्यामाप्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कही। उन्होंने कहा आज देश की महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अपने कौशल और मेहनत से समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वहीं राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। हाल ही में हुए विधानसभा और लोकसभा, नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनावों में कई महिलाओं ने जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया कि वे नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम हैं। खेल जगत में भी हमारे महिला खिलाड़ियों ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

कार्यक्रम में स्वंयसेवी एवं समाजसेवी संगठनों से जुड़े महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मनीषा गोयल ने महिलाओं के व्यक्तिगत स्वच्छता तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श दी। उप पुलिस अधीक्षक गीतिका साहू ने साइबर अपराध से बचाव सम्बन्धी जानकारी देते हुए सोशल मीडिया के उपयोग में सतर्कता बरतने तथा ऑनलाइन शॉपिंग में सावधानी रखने की समझाइश दी। साथ ही महिलाओं को प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए आपातकालीन पुलिस सेवा के लिए अभिव्यक्ति एप का उपयोग किए जाने का आग्रह किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के सर्जन डॉ प्रदीप पांडे ने कैंसर से बचाव के लिए आवश्यक सलाह देते हुए तम्बाकू एवं तम्बाकूयुक्त सामग्रियों का उपयोग नहीं करने सहित नशापान नहीं करने की समझाइश दी। बेटी जन्मोत्सव को समर्पित इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेल्फी जोन में मां एवं बच्ची का आकर्षक सेल्फी लेने वाले माताओं को तत्काल छायाचित्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाने वाले महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न स्थानीय पोषक साग-सब्जियों तथा व्यजनों का स्टॉल प्रदर्शित कर पोषक माताओं एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार तथा स्वच्छता एवं साफ-सफाई, स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण इत्यादि की जानकारी दी गयी।

इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित स्वंयसेवी एवं समाजसेवी संगठनों से जुड़े महिलाओं के अलावा स्व सहायता समूहों की दीदियों और हजारों की संख्या में मातृ शक्तियों ने उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभाई। अंत में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी हेमंत साहू ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।




## महिलाओं को पौधे देकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मना महिला दिवस

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरमपुरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र में कार्य करने वाली मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम, स्टाफ नर्स, महिला चिकित्सक, शिक्षिकाएं एवं अन्य महिलाओं का पौधों के साथ सम्मान किया गया। इस मौके पर वार्ड की पार्षद श्रीमती पूनम सिन्हा एवं श्रीमती बसंती समरथ मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख डॉ. सुनील बेविन चाको, डॉ. लक्ष्मी देवी ने सर्वप्रथम महिला पार्षदों का स्वागत किया, उसके पश्चात महिला पार्षदों द्वारा भी उपस्थित मितानिनों का स्वागत किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड की पार्षद श्रीमती सिन्हा ने कहा महिलाएं घर का कार्य तो करती ही है साथ-साथ महिलाओं को समाज कल्याण के कार्य में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए महिला डॉक्टर, स्टाफ नर्स और मितानिनों की तारीफ की और उनके कार्य को सराहा। उन्होंने कहा महिलाएं आज बहुत सशक्त हो चुकी है, महिलाओं को और अधिक सामाजिक, राजनीतिक और सेवा के कार्यों में भाग लेना चाहिए। इस मौके पर वार्ड पार्षद, संस्था के स्टाफ, सुपरवाइजर, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन के साथ-साथ अधिक संख्या में वार्ड की महिलाएं शामिल हुई।

## नारी को अपनी शक्ति खुद पहचाननी चाहिए : दीपिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- महिला दिवस पर मुख्य वक्ता ने महिलाओं से किया आव्हान

नारी को अपनी शक्ति को पहचाननी चाहिए सिर्फ शहर की ही नहीं बल्कि ग्रामीण अंचल में रहने वाली महिलाओं का भी वास्तविक विकास होना चाहिए। साथ ही घरो में, बच्चों में ऐसे संस्कार विकसित किये जाएं कि नई पीढ़ी महिलाओं का सम्मान करें। राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने उद्बोधन में यह बात कही। इस मौके पर शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तपेश चन्द्र गुप्ता ने महिलाओं के हितो के संरक्षण की बात कही। संचालन डॉ सुभद्रा राठौर एवं आभार डॉ ज्योत्सना शर्मा ने माना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# महिला के बिना समाज की कल्पना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
- महिलाओं ने मुद्रा डांस व जुंबा डांस किया प्रस्तुत





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुषमा विंग्स ऑफ कैंसर सपोर्ट सोसायटी के द्वारा आयोजित नारी इन साड़ी वॉकेथॉन की प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, पार्षद निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दंतेश्वरी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात महिलाओं ने मुद्रा डांस व जुंबा डांस मंच से प्रस्तुत किया। वॉकेथॉन स्पर्धा को 2 वर्गों में बांटा गया था। जिसमें 3 किलोमीटर की वॉकेथॉन में 500 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुईं। विधायक, सांसद, महापौर सहित सभी अतिथियों ने झंडा दिखाकर इसका शुभारंभ किया। वॉकेथॉन प्रतियोगिता में ग्रुप ए से कुसुम को प्रथम पुरस्कार 9 हजार नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। द्वितीय पुरस्कार 7 हजार उर्मिला मौर्य व तृतीय पुरस्कार 5 हजार सफल प्रतिभागी सुरेखा को दिया गया। वहीं बी ग्रुप से प्रथम पुरस्कार अमरवती मंडावी, द्वितीय पुरस्कार सीमा आचार्य, तृतीय पुरस्कार शिलेन्द्री को दिया गया। इसके साथ ही अन्य सांत्वना पुरस्कार में इलावती, सोनू चांडक, रचना जैन, रेखा मोदी, रश्मि बत्रा, सरिता पाण्डे ने बाजी मारी।

किरण देव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी मातृशक्ति माता एवं बहनों को बधाई देते कहा मातृशक्ति आज समर्पण और जज्बे के साथ सेवा के नये प्रतिमान गढ़ रहे हैं। देश की ताकत एवं समाज की शक्ति मातृशक्ति है। आज हमारी माताएं और बहनें धर परिवार, खेल, व्यापार, शिक्षा, अंतरिक्ष एवं हर क्षेत्र में पूरी लगन और मेहनत से सफलता के शिखर तक पहुंची है। महेश कश्यप और संजय पांडे ने भी महिला शक्ति पर अपना विचार रखे। दोनों नेताओं ने कहा मातृ शक्तियों वंदन अभिनंदन कर कहा कि नारी से ही परिवार, समाज चलता है। नारी के बिना बड़े से बड़े काम अधूरा है।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में सूषमा विंग्स के अध्यक्ष शशि गुप्ता सचिव सुनीता बोथरा, जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, सीएमएचओ डॉ संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, डॉ आरबीपी गुप्ता, डॉ प्रदीप पाण्डे, डॉ सरिता थॉमस, डॉ उषा शुक्ला, श्रीपाल जैन, वीनू हिरवानी, मकसूदा हुसैन, करमजीत कौर, वंदना बख्शी, विमल बोथरा, सोनल बत्रा, सोनिया, नीला पांडे, प्राचीन बत्रा, नैनासिंह धाकड, विवेक सोनी, अन्नू शर्मा, रीना कोटक, सुनीता पॉल, विवेक जैन, अनिल लुक्कड़ सहित समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# सखी क्लब, एनएसएल ने नैना संग मनाया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- समारोह में नैना को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित




एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के सखी क्लब ने धनपुंजी स्थित एनएमडीसी टाउनशिप में आयोजित एक रंगारंग समारोह में बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। समारोह की अध्यक्षता एम सुजाता, अध्यक्ष, सखी क्लब ने की। वे एनएमडीसी स्टील प्लांट, नगरनार के कार्यकारी निदेशक और एनएसएल स्टील प्लांट के प्रमुख, एमएनवीएस प्रभाकर की धर्मपत्नी हैं।

हर साल अनुकरणीय महिला उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मानित करने की अपनी परंपरा को बनाए रखते हुए, एनएसएल के सखी क्लब ने सुश्री नैना सिंह धाकड़ को सम्मानित किया। ज्ञात हो के बस्तर की बेटी को एक युवा पर्वतारोही के रूप में उभर कर आने में और माउंट एवेरेस्ट पर पहुंचने में एनएमडीसी की भी भूमिका रही है।

श्रीमती सुजाता ने नैना का स्वागत करते हुए उन्हें सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा दायक मिसाल बताया। उन्होंने ने कहा कि नैना का जीवन यह सिखाता है के यदि हमारी इरादे मजबूत हों तो कोई भी बाधा हमें हमारे लक्ष्य से दूर नहीं कर सकती। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें अपने आप को यह याद दिलाने का अवसर है कि हम एक संपूर्ण व्यक्तित्व है जिन में असीम शक्ति और क्षमता है। उन्होंने कहा की हमें अपनी पहचान को और मजबूत बनाते हुए अपने परिवार और समाज के उत्थान में योगदान देते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

नैना ने सखियों संग अपने सफर की कठिनाइयों को साझा किया। उन्होंने स्मरण किया उस वक़्त का जब वह माउंट एवेरेस्ट फ़तेह करने चली थीं। नैना ने बताया, तब कई लोगों ने कहा 'यह लड़की है, यह एवेरेस्ट नहीं चढ़ पाएगी', लेकिन हिम्मत और लगन से मैंने केवल दस दिन में एवेरेस्ट की चोटी पर कदम रखा और जिसकी कल्पना भी करना मुश्किल था, मैंने महामहिम राष्ट्रपति से सम्मान पाया। नैना ने सखी क्लब की सखियों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को अपने सपने पूरे करने की आजादी दें और साथ साथ अपने शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ का ख्याल रखें। सखी क्लब, एनएसएल की सखियों ने मिलजुलकर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर अंतर्राष्ट्रय महिला दिवस को और भी अस्मरणीय बनाया।

# सशक्त बनने छात्राओं की दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भगतसिंह स्कूल में सोउल्लास मनाया गया महिला दिवस



हायर सेकेण्डरी स्कूल भगत सिंह में महिला दिवस सोउल्लास मनाया गया। सर्व प्रथम भारत माता के तस्वीर पर माल्यार्पण कर महिला दिवस की शुरआत की गई। प्राचार्य विनीता बेंजामीन ने महान भारतीय नारी के इतिहास से उनसे प्रेरणा ले सदैव आगे बढ़ सशक्त बनने को छात्राओं की प्रेरणा दी। व्यख्याता अनिल शुक्ला ने प्राचीन भारतीय नारी एवं उनके त्याग महत्व की जानकारी दी। गार्गी मैत्री अनुसूईया, सीता, दौपदी की जानकारी दी एवं नारी सशक्तिकरण पर प्रेरणादायक काव्य पाठ किया। व्यख्याता हेमा चिव्हाने ने आज की नारी को कमजोर समझने की भूल न करने को कहा। अंजू रावटे ने नारी महानता के जोशीले गीत गाए। इस अवसर पर व्यक्याता रोशनी सिंधे ने आधुनिक नारी एवं उनके देश के लिये किये गए सराहनीय कार्य पर प्रकाश डाला। सभा के अंत में व्यख्याता चंद्रप्रकाश, सतपाल शर्मा, किरण चौहान, अभिराम पटेल अनिल शुक्ल द्वारा सभी महिलाओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नीतू शर्मा, गीता मूर्ति योजना देवांगन खिलेदरी कश्यप, पदमा यादव मंथरा पाल शिव कुमारी आदि उपस्थित थी तु फूल नहीं चिंगारी है तु भारतीय नारी है नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।




## महिला अभिकर्ताओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मैत्री संघ गली स्थित उप डाकघर सदर बाजार में महिला अभिकर्ताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सदर बाजार उप डाकघर में बहुत ही सादगी से सब पोस्ट मास्टर ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया। महिला अभिकर्ताओं ने भी नारी की व्याख्या अपने अपने शब्दों में की। रेखा पाण्डे ने कहा आज की महिलाएं पहले से ज्यादा सशक्त हुई है। नारी ने अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान लिया है। 8 मार्च का दिन महिलाओं के अधिकार और सम्मान का दिन है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना लागू की है। इस योजना को आज एक वर्ष पूर्ण हो गए हैं। योजना के तहत प्रत्येक महिलाओं को हर माह एक हजार रुपये की राशि उनके खाते में स्थानांतरण की जाती है। आज 13 वीं किस्त की राशि जारी की गई है। इस योजना से महिलाएं और भी अधिक सशक्त हुई हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए परामर्श केंद्र भी खोले गए हैं।




